प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 14.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए मतगणना जारी, झामुमो प्रत्याशी को बड़ी बढ़त, भाजपा दूसरे नम्बर पर।
2. चर्चित शराब घोटाला मामले में एसीबी ने छत्तीसगढ़ के एक और बड़े कारोबारी को किया गिरफ्तार, ट्रांजिट रिमांड पर लायाजा रहा है रांची।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को पेसा नियमावली की त्रुटियां दूर करने का दिया निर्देश, तीन हफ्ते में मांगी स्टेट्स रिपोर्ट।
4. झारखंड स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का सिलसिला जारी, आज वॉल पेंटिग के जरिये राज्य की परंपरा और संस्कृति से कराया जा रहा है रुबरु।
5. झारखंड समेत देशभर में आज मनाया जा रहा है बाल दिवस, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के मतगणना जारी है। झामुमो प्रत्याशी सोमेश चन्द्र सोरेन ने शुरु से ही बढ़त बना रखी है। आठ चरणों की मतगणना के बाद वे अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन से 11 हजार 280 वोट से आगे चल रहे हैं। उन्हें कुल 39 हजार 163 मत मिले हैं जबकि भाजपा प्रत्याशी को 27 हजार 883 वोट प्राप्त हुए हैं। हम सीधे चलते हैं जमशेदपुर, जहां हमारे संवाददाता मतगणना की बारीकियों पर नजर रख रहे हैं।

****

उधर बिहार विधानसभा चुनाव के रुझानों में भाजपा को 90 सीटों पर बढ़त है जबकि उसका सहयोगी जदयू 79 सीटों पर आगे चल रहा है। लोजपा को भी 21 सीटों पर बढ़त है। राजद 31 सीटों पर आगे है जबकि कांग्रेस को 4 सीटों पर बढ़त है।

****

झारखंड के चर्चित शराब घोटाला केस में एसीबी ने छत्तीसगढ़ के एक और बड़े कारोबारी राकेश जायसवाल को गिरफ्तार किया है। राकेश जायसवाल वेलकम डिस्लरी के मालिक हैं। अब एसीबी की टीम उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची एसीबी की स्पेशल कोर्ट में पेश करेगी। शराब घोटाला मामले में एसीबी ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के तत्कालीन सचिव विनय चौबे सहित 13 लोगों पर नामजद एफआईआर कराया गया है। इस केस में पहली गिरफ्तारी विनय चौबे की हुई थी।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को पेसा नियमावली लागू करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में पेसा एक्ट लागू नहीं किए जाने के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने तीन हफ्ते में स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। अदालत ने बालू सहित लघु खनिजों के आवंटन पर रोक बरकरार रखी है।

****

झारखंड स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में आज वॉल पेंटिग के जरिये राज्य की परंपरा और संस्कृति से रुबरु कराया जा रहा है। रजत जयंती समारोह का मुख्य कार्यक्रम 15 और 16 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा। इस दौरान सभी विभागों के स्टॉल लगाये जायेंगे। इसके जरिये सभी जिलों की विशिष्ट पहचान प्रदर्शित की जायेगी। स्टॉलों पर लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम में

बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शामिल होंगे। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से करीब छह हजार करोड़ रुपये की 166 योजनाओं की सौगात राज्यवासियों को दी जायेगी।

****

भाजपा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव पखवाड़ा मना रही है। इस सिलसिले में कल खूंटी स्थित उनकी जन्मस्थली उलिहातू में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें भाग लेने के लिए केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम रांची पहुंच गये हैं। उन्होंने आज राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के जनजातीय कल्याण एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

****

समग्र देश राष्ट्रगीत वंदेमातरम के एक सौ पचासवें वर्ष का उत्सव गर्व और स्वाभिमान के साथ मना रहा है। वंदेमातरम् ने स्वातंत्रता सेनानियों को आंदोलित किया था और पूरे देश को एकजुट किया था। यह आज हमें फिर स्मरण करा रहा है कि वंदेमातरम् मात्र एक गीत ही नहीं बल्कि राष्ट्र की अदम्य शाश्वत भावना का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक रचना के प्रति भावांजलि स्वरूप वर्ष भर चलने वाले समारोहों पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

****

दुमका जिले में रक्तदान अभियान प्रभावी तरीके से संचालित हो रहा है।

****

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में शून्य 2 दशमलव तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 249 अंक गिरकर 84 हजार 230 पर और निफ्टी 72 अंक गिरकर 25 हजार 807 पर आ गया।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 18 हजार 200 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 70 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

झारखंड समेत देशभर में आज पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की जंयती बाल दिवस के रुप में मनायी जा रही है। इस दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित नेहरू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

****